समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# 5 साल के बेटे के प्लास्टिक वाले वीडियो पर ट्रोल हुईं दीया मिर्जा, सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा- 'यह पर्यावरण नहीं, अहंकार है'

Sanket Morankar
Published on 30 Jun 2026



बॉलीवुड अभिनेत्री और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों पर मुखर रहने वाली **दीया मिर्जा** इन दिनों सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। वजह बना उनका एक बयान, जिसमें उन्होंने अपने पांच वर्षीय बेटे **अव्यान** से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। यह किस्सा जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, बड़ी संख्या में लोगों ने दीया और उनके बेटे की आलोचना शुरू कर दी।

यूजर्स का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना अच्छी बात है, लेकिन एक डिलीवरी बॉय के साथ इस तरह का व्यवहार "संवेदनशीलता" नहीं बल्कि "अहंकार" दर्शाता है।

### पॉडकास्ट मे सुनाया था किस्सा

दीया मिर्जा ने अभिनेत्री **सोहा अली खान** के पॉडकास्ट में यह घटना साझा की।

उन्होंने बताया कि एक दिन उनके घर नारियल पानी की डिलीवरी हुई। डिलीवरी बॉय नारियल पानी को प्लास्टिक बैग और प्लास्टिक स्ट्रॉ के साथ लेकर आया था। तभी उनके पांच वर्षीय बेटे अव्यान ने दरवाजा खोला और डिलीवरी एजेंट से प्लास्टिक के इस्तेमाल पर सवाल किया।

दीया के अनुसार अव्यान ने डिलीवरी बॉय से कहा—

> **"भैया, प्लास्टिक मे लेकर आए हो? हमारे घर मे प्लास्टिक अलाउड नहीं है। इसे प्लास्टिक से निकालो, नीचे रखो और प्लास्टिक व स्ट्रॉ वापस ले जाओ।"**

दीया ने इस घटना को अपने बेटे में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का उदाहरण बताया।

### सोहा अली खान ने की तारीफ

पॉडकास्ट में मौजूद सोहा अली खान ने भी अव्यान की सोच की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में किसी बड़े व्यक्ति से इस आत्मविश्वास के साथ बात करना और पर्यावरण के प्रति इतनी स्पष्ट सोच रखना सराहनीय है।

### सोशल मीडिया पर शुरू हुई आलोचना

हालांकि यह किस्सा इंटरनेट पर वायरल होते ही मामला उल्टा पड़ गया। बड़ी संख्या में सोशल मीडिया यूजर्स ने दीया मिर्जा को ट्रोल करना शुरू कर दिया।

कई लोगों ने कहा कि पर्यावरण बचाने का संदेश देना गलत नहीं है, लेकिन एक मेहनतकश डिलीवरी एजेंट को इस तरह टोकना उचित नहीं था।

एक यूजर ने लिखा—

> **"अगर प्लास्टिक से इतनी परेशानी है तो खुद नारियल वाले के पास स्टील का बर्तन लेकर जाइए। गरीब डिलीवरी बॉय को क्यों परेशान किया?"**

दूसरे यूजर ने टिप्पणी की—

> **"यह पर्यावरण के प्रति जागरूकता नहीं बल्कि एंटाइटल्ड बिहेवियर है।"**

### 'दो भारत' वाली टिप्पणी भी वायरल

एक अन्य यूजर ने इस घटना को भारत की सामाजिक असमानता से जोड़ते हुए लिखा—

> **"यह वीडियो दो अलग-अलग भारत की तस्वीर दिखाता है। एक तरफ ऐसा बच्चा है जो प्लास्टिक पर भाषण दे रहा है, दूसरी तरफ वह डिलीवरी बॉय है जो रोज की कमाई के लिए संघर्ष कर रहा है।"**

कई यूजर्स ने यह भी कहा कि यदि वास्तव में पर्यावरण की चिंता है तो ग्राहकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, केवल डिलीवरी करने वाले व्यक्ति को दोष देना उचित नहीं है।

### दीया मिर्जा की पर्यावरण के प्रति पहचान

दीया मिर्जा लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों का हिस्सा रही हैं। वह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) से भी जुड़ी रही हैं और प्लास्टिक प्रदूषण, जल संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर लगातार आवाज उठाती रही हैं।

यही कारण है कि उन्होंने अपने बेटे को भी बचपन से पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने की कोशिश की है।

### 2021 मे हुंई थी शादी

दीया मिर्जा ने वर्ष 2021 में व्यवसायी **वैभव रेखी** से विवाह किया था। इसी वर्ष उनके बेटे **अव्यान** का जन्म हुआ। इससे पहले उनकी शादी निर्माता **साहिल संघा** से हुई थी, जिनसे बाद में उनका तलाक हो गया।

### 'इक्का' मे आएंगी नजर

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीया मिर्जा जल्द ही नेटफ्लिक्स की फिल्म '**इक्का**' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ **सनी देओल** और **अक्षय खन्ना** भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

फिलहाल सोशल मीडिया पर उनका यह बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां कुछ लोग इसे अच्छी परवरिश और पर्यावरण के

प्रति जागरूकता का उदाहरण मान रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में यूजर्स इसे जरूरत से ज्यादा “एंटाइटल्ड” व्यवहार बताते हुए अभिनेत्री की आलोचना कर रहे हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.